

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 22.02.2024 से 26.02.2024)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# अविश्वास प्रस्ताव

(दिनांक 22.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाले हरियाणा मंत्रिमंडल के विरुद्ध कांग्रेस के विधायकों द्वारा लाया गया **अविश्वास प्रस्ताव सर्वसम्मति से रद्द हुआ।**

सदन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा पहले वर्ष 2021 में भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। उस समय साढ़े 3 साल का समय बचा था, तो उनके मन में ईच्छा थी कि सरकार गिर जाएगी तो हम राज कर लेंगे।

लेकिन आज के अ**विश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के सदस्य गंभीरता से चर्चा नहीं कर पाए और बीच में ही सदन को छोड़कर चले गए।** उन्होंने कांग्रेस विधायकों पर तंज कसते हुए शायराना अंदाज में कहा कि महफिल में चल रही थी मेरे कत्ल की तैयारी, चर्चा करते करते बोले लंबी उम्र हो तुम्हारी। उन्होंने कहा कि जब जम्मू–कश्मीर में धारा 370 हटाने की बात थी, तब भी कांग्रेस ने अविश्वास जताया था कि ये हो ही नहीं सकता।

**तीन तलाक के मामले में भी कांग्रेस ने अविश्वास व्यक्त किया। इतना ही नहीं, श्री राम मंदिर पर भी इन्होंने कहा था कि मंदिर बन नहीं सकता। जिस काम में भी कांग्रेस ने अविश्वास जताया, लेकिन जनहित में वो सारे काम हमने किए।** उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में बीबीसी यानि बदली, भर्ती और सीएलयू इंडस्ट्री चलती थी।

कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा था कि ट्रांसफर ऑनलाइन हो सकेंगे। **ऑनलाइन ट्रांसफर होने से आज लोग संतुष्ट है। व्यवस्था में सुधार करना सरकार का काम होता है। हमने व्यवस्था में सुधार किया है।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा का बजट सत्र

(दिनांक 22.02.2024)

प्रभाव: विधानसभा के बजट सत्र के दौरान माननीय **मुख्यमंत्री जी वर्ष 2024–25 के लिए 1,89,876.61 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया,** जोकि वर्ष 2023–24 के 1,70,490.84 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमानों से 11.37 प्रतिशत अधिक है। **बजट अनुमान 2024–25 में कोई नया कर नहीं लगाया गया है।** बजट प्रस्तुत करते हुए माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि 1,16,638.90 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति का अनुमान है, जिसमें 84,551.10 करोड़ रुपये का कर राजस्व और 9,243.46 करोड़ रुपये गैर–कर राजस्व शामिल है। इसके अलावा, वर्ष **2024–25 में**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

**सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भी पूंजीगत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 8,119.24 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने की योजना है।**

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014–15 से वर्ष 2023–24 की अवधि में सकल राज्य घरेलू उत्पाद की वार्षिक चक्रवृद्धि दर स्थिर मूल्यों (2011–12 के मूल्यों) पर 6.1 प्रतिशत रही है, जो वर्ष 2014–15 के 3,70,535 करोड़ रुपये से वर्ष 2023–24 में बढ़कर 6,34,027 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **हमारे किसानों की कड़ी मेहनत और परिश्रम के कारण, हरियाणा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक प्रमुख योगदानकर्ता है।** राज्य सरकार ने किसानों के लाभ के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023–24 में कृषि उत्पादन 8.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जो कि देश में सर्वाधिक में से है। उन्होंने कहा कि **पराली जलाने की रोकथाम और प्रदूषण को कम करने में किसानों की सहायता करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2023–24 के दौरान किसानों को 11,007 फसल अवशेष मशीनें वितरित की हैं।**

किसानों को प्रति एकड़ 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदा से फसलें नष्ट होने पर किसानों को अपने दावे दर्ज करवाने में सक्षम बनाने के लिए ई–क्षतिपूर्ति के रूप में एक डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। इससे सरकार किसान को सीधे सहायता प्रदान करने में सक्षम हुई हैं।

उन्होंने कहा कि **मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना की तर्ज पर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना शुरू करने का प्रस्ताव है।** इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिन लाभार्थियों को **महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत भूखंड आवंटित किए गए थे, लेकिन पिछले 15 वर्षों में उन्हें**

**भूखंडों का कब्जा नहीं दिया गया है। ऐसे लगभग 25,000 लाभार्थियों को सितंबर, 2024 तक कब्जा देने की समय सीमा तय करने का प्रस्ताव है।**

यदि पात्र लाभार्थियों को कब्जा नहीं दिया जा सका तो सरकार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थी परिवार को एक लाख रुपये तक की राशि का लाभ देगी ताकि वह अपना मकान बनाने के लिए अपनी पसंद की जगह पर गांव में भूखंड खरीद सके।

**माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया आबकारी एवं कराधान विभाग के लिए वर्ष 2024–25 में प्रदेश सरकार का एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पंचकुला में एक एम.एस.एम.ई. जी.एस.टी. सुविधा प्रकोष्ठ शुरू करने का भी प्रस्ताव है।** उन्होंने बताया प्रदेश में नए स्टार्ट–अप करदाताओं की सुविधा के लिए वर्ष 2024–25 में गुरुग्राम में एक स्टार्ट–अप सुविधा सैल शुरू करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि **प्रदेश सरकार ने मीडिया कर्मियों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं।** गत वर्ष मीडिया कर्मियों की पेंशन 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है।

वर्तमान में 193 मीडियाकर्मी मासिक पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। सरकार ने मीडिया कर्मियों का बीमा कवरेज 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया है, जिसका पूरा प्रीमियम सरकार वहन करती है।

उन्होंने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि **'हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड' द्वारा वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, 85,338 लाभार्थियों के लिए विभिन्न कल्याण योजनाओं पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए गए।** सरकार ने ई–रुपे के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की 18 वर्ष व उससे अधिक आयु की उच्चतर शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियों के लिए 50,000

रुपये वित्तीय सहायता या इलेक्ट्रिक स्कूटर की वास्तविक एक्स–शोरूम कीमत, जो भी कम हो, पर इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। इससे निर्माण श्रमिकों की बेटियों को उच्चतर शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि ब्रिटिश शासन के समय से ही किसानों को नहरी पानी की आपूर्ति पर आबियाना लगाया जाता रहा है। **सरकार ने नहरी पानी पर निर्भर किसानों को राहत देने के लिए 1 अप्रैल, 2024 से आबियाना बंद करने का निर्णय लिया गया है।** इससे 4299 गांवों के किसानों को लगभग 140 करोड़ रुपये का एकमुश्त लाभ होने के साथ–साथ, 54 करोड़ रुपये की वार्षिक राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि **निरोगी हरियाणा योजना के तहत 20 फरवरी, 2024 तक अंत्योदय परिवारों के 46.30 लाख लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई है और 2.56 करोड़ लैब टैस्ट किए गए हैं।** सरकारी कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा वर्ष 2023 में प्रयोग के आधार पर दो विभागों के कर्मचारियों के लिए शुरू की गई थी। **अब इसका विस्तार करके 1 जनवरी, 2024 से सभी नियमित सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू कर दिया गया है।** चिरायु–आयुष्मान भारत योजना का लाभ उन परिवारों तक बढ़ाया जाएगा, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक है।

बजट सत्र के दौरान देश एवं प्रदेश में मृत्यु को प्राप्त हुई महान विभूतियों के सम्मान में आज सदन में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई। सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री जी ने शोक प्रस्ताव पढ़े।

जिनके शोक प्रस्ताव पढे गए, उनमें लोकसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री मनोहर जोशी, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री नफे सिंह राठी जी शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद

# साप्ताहिक सूचना पत्र

गुप्ता और विपक्ष की ओर से विधायक श्री आफताब अहमद व विधायक डॉ रघुबीर सिंह कादियान ने भी शोक प्रस्ताव पढ़कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। सदन के सभी सदस्यों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की।

माननीय वित मंत्री जी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लिया जाने वाला ऋण जीएसडीपी के अनुपात यानि 3 प्रतिशत की सीमा के अंदर ही है। **विकास के अनुरूप जैसे जैसे प्रदेश की जीएसडीपी बढ़ती है, उसी के अनुपात में ऋण लेने की सीमा में भी वृद्धि होती है। जीएसडीपी के अनुपात में जितना ऋण लेना चाहिए, राज्य सरकार उस सीमा में ही ऋण ले रही है।**

कोविड–19 के दौरान इस सीमा को बढ़ाकर 3.5 प्रतिशत किया गया। उस समय भी राज्य सरकार 3 प्रतिशत से नीचे ही रही। जीएसडीपी के अनुपात में जितना ऋण लेना चाहिए, राज्य सरकार उस सीमा में ही ऋण ले रही है।

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने तत्काल निर्णय लेने की अपनी वचनबद्धता को पुन दोहराया। **सदन में चर्चा के दौरान तिगांव के विधायक राजेश नागर द्वारा बताया गया कि तिगांव और ग्रेटर फरीदाबाद एक बड़ा क्षेत्र बन गया है।** इसलिए तिगांव को उपमंडल बनाया जाए। इसी प्रकार माननीय मुख्यमंत्री जी ने सत्र के दौरान ही तिगांव को उपमंडल बनाने की घोषणा की और इसकी औपचारिकता शीघ्र पूरी कर दी जाएंगी।

**इसी प्रकार शहरों के साथ लगते क्षेत्रों में वर्षों से मकान बनाकर रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने के लिए एक सप्ताह के अंदर–अंदर नीति लाने की घोषणा भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने की।** इसी नीति के तहत 20 वर्षों से आवासीय प्लाटों में मकान बनाकर रह रहे लोगों को मालिकाना हक मिल सकेगा।

# तीन दिवसीय 5वें चित्र भारती फिल्मोत्सव का शुभारम्भ

(दिनांक 23.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी आज **पंचकुला में रैड बिश्प के कंवेंशन सेंटर में तीन दिवसीय 5वें चित्र भारती फिल्मोत्सव का शुभारम्भ** करने उपरांत फिल्म जगत की हस्तियां व उपस्थित लोगों को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर कहा कि फिल्मों के माध्यम से **हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिल्म और मनोरंजन नीति बनाई गई है।** इस नीति के तहत पंचकूला के पिंजोर में फिल्म सिटी स्थापित की जाएगी और इसके लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। इस मौके पर **उन्होंने अनंत विजय द्वारा लिखित पुस्तक ओटीटी का मायाजाल का विमोचन**






**किया** और भारतीय चित्र साधना को 1 करोड़ रूपये सहायता राशि देने की घोषणा की।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा का नाम अब एग्रीकल्चर में ही नहीं कल्चर में भी पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुआ है। **हरियाणा की भाषा, संस्कृति का प्रचार–प्रसार पूरे विश्व में हो, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।** पिंजोर में फिल्म सिटी के स्थापित होने से ना केवल हरियाणवी संस्कृति और भाषा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। **उन्होंने फिल्म निर्माताओं से आह्वान किया कि वे पिंजोर में स्थातिप होने वाली फिल्म सिटी में अपने स्टूडियो स्थापित करें।** पंचकूला में पिंजोर और पहाड़ी क्षेत्र मोरनी के अलावा साथ लगते हिमाचल प्रदेश और उतराखंड में फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतरीन लोकेशन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि **हरियाणा सरकार द्वारा फिल्म और मनोरंजन नीति के तहत फिल्म निर्माताओं को सब्सिडी प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये** हैं और आगामी 10 मार्च को गुरूग्राम में आयोजित कार्यक्रम में यह सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

# कैथल में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करना

(दिनांक 24.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी आज **कैथल में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में बतौर मुख्या तिथि श्रिकत कर कहा कि हरियाणा की पहचान धाकड़ किसान, धाकड़ जवान व धाकड़ पहलवानों से है।** प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं खिलाडियों को आर्थिक सहायता के अलावा नौकरियों में भी ए, बी, सी श्रेणी के तहत आरक्षण देकर उनका भविष्य सुरक्षित किया जा रहा है। **जल्द ही ग्रुप डी के 13 हजार पदों के परिणाम आने है, उनमें भी 1300 खिलाडियों को नौकरी दी जाएगी।** राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही 1100 खेल नर्सरियां चल रही हैं और इस बार बजट में 400 और नई खेल नर्सरियां खोलने का फैसला लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले खिलाडियों को पूरे देश में सबसे ज्यादा प्रोत्साहन राशि दी जाती है। **ओलम्पिक स्वर्ण विजेता को 6 करोड़ रुपये की राशि दी जाती है जोकि किसी भी प्रदेश से सर्वाधिक है।**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरु रविदास जयंती के अवसर पर असंध के वार्ड नंबर–1 में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत

(दिनांक 24.02.2024)



प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी शनिवार को **असंध के वार्ड नंबर–1 में गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर सर्वप्रथम गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका और श्रद्धा सुमन अर्पित किए व प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना की।** इस अवसर पर उन्होंने असंध के गुरु रविदास मंदिर में लंगर हाल के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि **हमें गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का अनुसरण अपने जीवन में करना चाहिए।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरु रविदास जी का जन्म भले ही उत्तरप्रदेश के वाराणसी (काशी) में हुआ था लेकिन उनकी शिक्षा से देश व दुनिया को लाभ हो रहा है।

उनके पवित्र विचारों से हम अपने जीवन में भी शुद्धता ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज **हम गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करके एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।** गुरु रविदास जी के जीवन से प्रभावित होकर ही हमने कुरूक्षेत्र के पिपली में 5 एकड़ जमीन पर गुरु रविदास जी के नाम से भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की है। **इस स्मारक के लिए जमीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई है। इस स्मारक का जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा।**

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली परियोजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी

(दिनांक 24.02.2024)



प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली 3 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है।** इन परियोजनाओं पर 44 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च होगी। चरखी दादरी और भिवानी में ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना पर काम होगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि महाग्राम योजना के तहत नई परियोजनाओं में गांव धनाना, बवानी खेड़ा, जिला भिवानी में जल आपूर्ति योजना का विस्तार किया जाएगा।

**इस योजना पर 34.01 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी।** इसी तरह से ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत गांव मढ़ मढ़वी, जिला भिवानी में स्वतंत्र जल कार्य योजना पर 3.79 करोड़ रुपये की लागत आएगी। **ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत ग्राम उन्न, जिला चरखी दादरी में आरसीसी एस एंड एस टैंक, अन्य संरचनाओं का निर्माण और डीआई पाइप लाइनें बिछाकर जल आपूर्ति योजना का विस्तार किया जाएगा।** इस योजना पर 6.44 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# 820.92 करोड़ की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास

(दिनांक 24.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी आज **कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज, करनाल के सभागार में स्वास्थ्य क्षेत्र की 820.92 करोड़ की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।** इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2030 तक प्रदेश के हर जिला में मेडिकल कॉलेज शुरू हो जायेगा।

**सभी नागरिकों के लिये यूनिवर्सिल हैल्थ इंश्योरेंस लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है।**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा चिकित्सा क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सरकार ने डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिय 2015 में हर जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया था। **आज प्रदेश के 12 जिलों में मेडिकल कालेज शुरू हो चुके हैं। रेवाड़ी में हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री जी ने 22 वें एम्स का शिलान्यास किया है।** नौ अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य बजट में 24 प्रतिशत की वृद्धि करके इसे 9500 करोड़ का किया है। **निरोगी योजना के तहत 2 साल के अंदर हर नागरिक की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।** अब तक 2 करोड़ 26 लाख लोगों के लैब टेस्ट किये जा चुके हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़ी सौगात

(दिनांक 24.02.2024)

**प्रभावः** माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को प्रदेश की **स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बीते वर्ष घोषणा की थी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करते हुए हर जिले में सांझा बाजार खोले जाएंगे।**

इसी कड़ी में उन्होंने करनाल जिले में पहले सांझा बाजार का आज उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि इन **समूहों की महिला सदस्यों को स्थायी आधार पर अपनी आजीविका कमाने के लिए इस नियमित बाजार में एक मंच पाने में मदद मिलेगी।**

पहले चरण में 6 जिलों में सांझा बाजार के लिए जगहों को चिन्हित कर लिया है। **पहले चरण में बनने वाले इन सांझा बाजारों में हर एक में 10 कैबिन बनाए जाएंगे और आने वाले समय में आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाए जाएंगे।** इन कैबिनों का प्रत्येक दिन का किराया मात्र सौ रुपये होगा। इन समूहों में 6 लाख महिलाएं सदस्यों के रूप में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।

**इन 6 लाख महिलाओं में एक लाख महिलाएं ऐसी हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। इन स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करके कृषि, गैर कृषि आजीविका गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिलवाया जाता है।**

स्वयं सहायता समूहों की ये महिलाएं अपने हस्त निर्मित उत्पादों तथा अन्य विभिन्न योजनाओं के बारे में समाज में आमजन को जागरूक करने का भी काम कर रही हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक अनुसंधान संस्थान के लोकार्पण समारोह

(दिनांक 25.02.2024)

प्रभावः माननीय प्रधानमंत्री जी ने **गुजरात के राजकोट से वर्चुअल माध्यम से जिला के गांव देवरखाना में नवनिर्मित केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक अनुसंधान संस्थान का लोकार्पण किया।** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने देवरखाना में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल हेल्थ कवर देने वाला हरियाणा देश का प्रथम राज्य बन गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **हमने गांव–गांव तक व्यायामशालाएं खुलवाई हैं और वेलनेस सेंटर भी खोले जा रहे हैं।**

**उन्होंने कहा कि सरकार के खजाने पर पहला हक गरीब का है। हमारी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं।** पीपीपी जैसी योजना से पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की



पारंपरिक चिकित्सा पद्धति सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं रही है, बल्कि वह लाइफ की एक होलिस्टिक सांइस है। **यह संस्थान आयुर्वेद के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत करेगा।** उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हरियाणा में आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी तरह का यह प्रथम प्रोजेक्ट है। इस संस्थान के लोकार्पण से हरियाणा, दिल्ली राजस्थान सहित अन्य देशवासियों को लाभ मिलेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी–2024 कार्यक्रम में शिरकत करना

(दिनांक 25.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी आज जिला **महेंद्रगढ़ के गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में चल रही तीन दिवसीय 40वीं राज्य पशुधन प्रदर्शनी–2024 के दूसरे दिन प्रदेश के पशुपालकों को बड़ी सौगात दी।** उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए 11.20 करोड़ रुपए की लागत की 70 मोबाइल पशुधन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। **इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने लैपटॉप का बटन दबाकर प्रदेश में पशु चिकित्सालय काल सेंटर 24X7 टोल फ्री नंबर 1962 का शुभारंभ भी किया।** इन चिकित्सा आयुक्त मोबाईल वैन को कॉल सेंटर से जोड़ा गया है। **जीपीएस युक्त इन मोबाईल वैन से पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा पशुपालकों को प्रदान की जाएगी।** अब प्रदेश का कोई भी



# साप्ताहिक सूचना पत्र

पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकेंगे और अपने पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे।

**उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य अपने पशुधन के कारण न केवल राष्ट्रीय अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी एक विशिष्ट पहचान रखता है।** इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने लक्की ड्रा निकालकर विजेताओं के नामों की घोषणा की।

**उन्होंने राष्ट्रीय गोपाल रतन पुरस्कार से प्रदेश के पशुपालक जितेन्द्र सिंह निवासी गिल्लाखेडा (फतेहाबाद) साहीवाल गाय फार्म वर्ष 2022–23 के लिए तथा रामसिंह निवासी नीलोखेड़ी (करनाल) साहीवाल गाय फार्म 2023–24 के लिए सम्मानित किया।**

पशुपालकों को शुभकामनाएं देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियों से किसान अपने पशुओं की नस्ल को सुधारने की तरफ



प्रोत्साहित होता है।

**उन्होंने कहा कि गांवों का सम्पूर्ण विकास पशुपालन की प्रगति के बिना संभव नहीं है।** उन्होंने कहा पशुपालकों की पूंजी की जरूरत को पूरा करने के लिए पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं। **अब तक 1.56 लाख पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।**

उन्होंने कहा कि पषुपालकों को आर्थिक सहायता एवं पशु बीमा के लिए सरकार ने विशेष योजना चलाई है।

# मेदांता फाउंडेशन द्वारा सवेरा कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 25.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी आज **गुरुग्राम में महिलाओं में बढ़ रहे स्तन कैंसर की शीघ्र जांच और पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेदांता फाउंडेशन द्वारा शुरू किए जा रहे सवेरा कार्यक्रम की शुरुआत की।** उन्होंने बताया कि यह अद्भुत कार्यक्रम देश में पहली बार शुरू हो रहा है और इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं में स्तन कैंसर का शुरूआती स्तर पर ही पता लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की सफलता के उपरांत इसे राज्य के अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को पहले चरण में **गुरुग्राम के सेक्टर–10 के सिविल अस्पताल, सेक्टर–31 के पॉलीक्लिनिक और वजीराबाद के प्राथमिक सामुदायिक केंद्र में संचालित किया जाएगा।** इस कार्यक्रम अभियान के विस्तार के लिए




जल्द ही स्वास्थ्य विभाग और मेदाता फाउंडेशन के बीच एक समझौता भी होगा। उन्होंने कहा कि देशभर में लगभग 90 हजार महिलाएं स्तन कैंसर के कारण प्रतिवर्ष अपनी जान गंवा देती हैं। लेकिन आज यहां शुरू किए गए सवेरा कार्यक्रम के अंतर्गत स्तन कैंसर की जांच के लिए नेत्रहीन महिलाओं बहनों की सहायता ली जाएगी, जोकि बहुत ही सराहनीय है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम सेक्टर 69 में ओयो संस्थान में आयोजित एक्सलरेटर कार्यक्रम का शुभारंभ

(दिनांक 25.02.2024)

प्रभावः माननीय मुख्यमंत्री जी रविवार को गुरूग्राम के **सेक्टर 69 में ओयो एक्सीलिरेटर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि पर्यटन का अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान होता है।**
इस क्षेत्र में उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) का भी बड़ा स्कोप है। उन्होंने ओयो द्वारा नव उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए **आरम्भ एक्सीलिरेटर कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नव उद्यमियों को आगे बढ़ाने में कारगर साबित होगा।**
उन्हांने कहा होटल कारोबार में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, किसी भी छोटे कार्य को बड़ा होने में देर नही लगती,युवा पीढ़ी जोश और उत्साह के साथ आगे बढे, रोजगार के अवसर लगातार युवाओं को मिलते रहे, इसके लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत है। **साथ ही सरकार अपना कोरोबार शुरू करने वालों को पूरा स्पोर्ट करेगी। उन्होंने कहा कि आज देश की आर्थिक ताकतों में ऐसे व्यक्तियों का नाम आता है,जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर आए हैं।** उन्होंने ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल को कार्यक्रम के शुभ अवसर पर बधाई दी और सरकार की ओर से सहयोग के लिए आश्वस्त किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम मैराथन में रन फॉर जीरो हंगर थीम कार्यक्रम का आयोजित

(दिनांक 25.02.2024)




प्रभाव: माननीय मुख्यमंत्री जी का **मैराथन को फ्लैग ऑफ करने उपरान्त मिलेनियम सिटी के इस सबसे बड़े इवेंट में हजारों की संख्या में पहुँचे रनर्स का जोश और बढ़ गया।** गुरूग्राम मैराथन के पहले संस्करण के दौरान रविवार की सुबह गुरूग्राम के सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड का नजारा धावकों के जोश व उत्साह से सराबोर नजर आया। **रन फॉर जीरो हंगर की थीम पर आयोजित गुरूग्राम मैराथन में स्कुल व विश्विद्यालय के बच्चों, युवा शक्ति व बुजुर्गों के जोश, उत्साह व उमंग से गदगद नजर आए।** इस दौरान गुरूग्राम मैराथन के ब्रांड एम्बेसडर क्रिकेटर शिखर धवन भी उनके साथ थे।

मिलेनियम सिटी की नई ब्रांड इमेज बनाने में गुरूग्राम मैराथन में शामिल

# साप्ताहिक सूचना पत्र



लोगों का अपार जनसमूह इस बात का साक्षी है कि हमारे शहर, प्रदेश व देश का भविष्य युवा पीढ़ी के मजबूत हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने **गुरुग्राम मैराथन को स्वस्थ लाइफस्टाइल की प्रैक्टिकल संज्ञा देते हुए कहा कि इस आयोजन से समाज के सभी वर्गों में स्वस्थ जीवनशैली को लेकर एक सकारात्मक संदेश जाएगा।**
मिलेनियम सिटी में गुरूग्राम मैराथन के सफल आयोजन के उपरांत 3 मार्च को फरीदाबाद में भी इसी प्रकार का इवेंट आयोजित किया जा रहा है। **उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है ऐसे में प्रदेश के सभी जिलों में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे खेल इवेंट आयोजित किए जाएंगे।** कार्यक्रम में धावकों के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गयी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रेणी में योगा टीम से प्रभावित होकर उन्हें एक लाख रुपये के पुरुस्कार से सम्मानित करने की घोषणा भी की।